

सैनिकों पर गर्व करता है।

पाठ 8 गौरवशाली भारतीय सेना – विभागीय

## शब्दार्थ

**मिसाल** = उदाहरण (example)

**प्रहरी** = पहरेदार (guard, watchman)

**आंतरिक** = भीतरी (internal)

**संकटमोचक** = संकट या विपत्ति को दूर करने वाला (one who removes a danger or calamity)

**बेमिसाल** = बेजोड़, जिसकी तुलना न दी जा सके (incomparable)

**सर्वोच्च** = सबसे ऊँचा, सबसे बड़ा (highest)

**सुसज्जित** = अच्छी तरह सजा हुआ (well-decorated)

**सीमित** = जिसकी एक सीमा हो, एक दायरे में बँधा हुआ (limited)

**लालायित** = बहुत इच्छुक (very desirous)

**प्रशिक्षण** = किसी कला या विद्या को सिखाना (training)

**युद्धपोत** = लड़ाई में काम आने वाला पानी का जहाज़ (war ship)

**निगरानी** = चौकसी, देखरेख का काम (supervision)

**अचूक** = जो चूके नहीं, सटीक (unfailing, certain)

**दुस्साहस** = हानिकारक या अनुचित साहस (rashness)

**अत्याधुनिक** = बिलकुल नया (modern, recent)

**सर्वश्रेष्ठ** = सबसे बढ़िया (the best)

**उन्नत** = ऊँचा उठा हुआ (elevated)

**विषम** = कठिन, असाधारण (difficult)

**दुर्गम** = जहाँ पहुँचना कठिन हो (inaccessible, difficult to reach)

**मुस्तैद** = तैयार, चुस्त (ready, alert)

### मुहावरे

**आँख दिखाना** = धमकाना, गुस्से से देखना

**सिर कुचलना** = शत्रु को हराना, विद्रोह को दबा देना

**जान पर खेलना** = जीवन की परवाह न करना

**छक्के छुड़ाना** = बुरी तरह हराना

**लोहा लेना** = मुकाबला करना

**पैनी नज़र रखना** = ध्यान से देखना, निगरानी रखना

**सफ़ाया करना** = पूरी तरह समाप्त करना

# अभ्यास

Comprehension based on Lesson

## पाठ से प्रश्न

**(क) प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

1. हमारी सेना किन स्थितियों में देशवासियों को सुरक्षा प्रदान करती है?
2. सेना में शामिल होने वाले नौजवानों को किस तरह का प्रशिक्षण दिया जाता है?
3. भारतीय थल सेना के पास कौन-कौन से हथियार हैं?
4. भारतीय सेना किन विषम स्थितियों में कार्य करती है?
5. भारतीय सेना को गौरवशाली क्यों कहा गया है?

**(ख) प्रश्नों के सही उत्तर के सामने सही ( ✓ ) का निशान लगाइए।**

1. भारतीय सेना में लगभग कितने जवान हैं?

   (i) 15 लाख ☐ (ii) 8 लाख ☐ (iii) 25 लाख ☐

2. कारगिल का युद्ध कब हुआ था?

   (i) 1998 में ☐ (ii) 1978 में ☐ (iii) 1999 में ☐

3. 1962 में भारत का युद्ध किस देश के साथ हुआ था?
   (i) चीन ✓ (ii) पाकिस्तान (iii) बांग्लादेश

4. लड़ाकू विमानों को उड़ाने का प्रशिक्षण किन्हें दिया जाता है?
   (i) थल सैनिकों को (ii) वायु सैनिकों को ✓ (iii) नौ सैनिकों को

5. भारत सरकार युद्ध के दौरान सर्वोच्च वीरता दिखाने वाले सैनिक को कौन-सा पुरस्कार देती है?
   (i) कीर्ति चक्र (ii) भारत रत्न (iii) परमवीर चक्र ✓

**(ग) वाक्यों के सामने सही ( ✓ ) या गलत ( × ) का निशान लगाइए।**

1. हमारी सेना देश पर आने वाले खतरों से हमें बचाकर रखती है। ✓
2. भारत के राष्ट्रपति सशस्त्र बलों के सर्वोच्च कमांडर होते हैं। ✓
3. भारतीय सेना में महिलाओं की भागीदारी नहीं है। ✗
4. हमारे नौजवानों को भारतीय सेना में रोजगार के अवसर प्राप्त होते हैं। ✓
5. कारगिल का युद्ध भारत और चीन के बीच हुआ था। ✗

## शब्द-कौशल

Vocabulary

**(क) दिए गए शब्दों के समानार्थी शब्द लिखिए।**

| | | |
|---|---|---|
| राष्ट्र – देश | विश्व – संसार | बहादुर – वीर |
| शत्रु – दुश्मन | नौजवान – नवयुवक | हमला – आक्रमण |

**(ख)** बच्चो! हम बातचीत के दौरान जो भी शब्द बोलते हैं, उनका कुछ-न-कुछ अर्थ होता है। जैसे– 'पुस्तक' शब्द का अर्थ है– 'किताब'। 'विद्यालय' शब्द का अर्थ है– 'पाठशाला' यानी 'स्कूल'। इस प्रकार जिन शब्दों का अर्थ होता है, उन्हें **सार्थक शब्द** कहते हैं।

कभी-कभी हम अपनी बातचीत में कुछ ऐसे शब्दों का प्रयोग करते हैं, जिनका यूँ तो कुछ अर्थ नहीं होता है, परंतु पूरे वाक्य में उसका कुछ अर्थ निकल आता है। जैसे –

आप **खाना-वाना** खाकर तो जाइए। **चाय-वाय** पी लेते तो अच्छा होता।

इन वाक्यों में वाना, वाय निरर्थक शब्द हैं, किंतु **खाना** और **चाय** के साथ रहने से उनका कुछ अर्थ निकल रहा है। **कमल** सार्थक शब्द है, **कलम** भी सार्थक शब्द है, किंतु **मकल** या **लकम** निरर्थक शब्द हैं। निरर्थक का अर्थ है– जिसका कोई अर्थ नहीं होता।

पाठ 8
# गौरवशाली भारतीय सेना

## मौखिक प्रश्न

प्रश्न1 हमारी सेना देश की शान क्यों है?

उत्तर भारतीय सेना वीरता, साहस और बलिदान की जीती-जागती मिसाल है इसलिए देश की शान है।

प्रश्न2 सेना के तीन प्रमुख अंग कौन से हैं?

उत्तर सेना के तीन प्रमुख अंग थलसेना, नौ सेना और वायु सेना हैं।

प्रश्न3 भारतीय सेना की क्षमता कब-कब सिद्ध हो चुकी है?

उत्तर भारतीय सेना की क्षमता आजादी के बाद हुए पाँच युद्धों में अच्छी तरह सिद्ध हो चुकी है।

प्रश्न4 भारतीय सेना में शामिल होने के लिए क्या करना पड़ता है?

उत्तर भारतीय सेना में शामिल होने के लिए नौजवानों को शारीरिक एंव लिखित परीक्षा देनी होती है।

(P.T.O)

प्रश्न 5 नौ सैनिकों को किस तरह का प्रशिक्षण दिया जाता है ?

उत्तर नौ सैनिकों को युद्धपोतों को चलाने, जल सीमा की चौकसी करने, पनडुब्बी चलाने तथा दुश्मनों पर हमला करने का प्रशिक्षण दिया जाता है।

प्रश्न 6 वायु सेना का क्या कार्य है ?

उत्तर वायु सेना का कार्य देश की रक्षा करने में चौकस रहना है। युद्ध छिड़ने पर यह थल सेना की सहायता करती है।

प्रश्न 7 वीर सैनिकों का सम्मान किस तरह से किया जाता है ?

उत्तर वीर सैनिकों का सम्मान अशोक चक्र, महावीर चक्र, कीर्ति चक्र, शौर्य चक्र तथा सैन्य मैडल से सम्मानित किया जाता है।

प्रश्न 8 गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान हमारी सेना क्या करती है ?

उत्तर गणतंत्र दिवस की परेड के दौरान भारतीय सेना के तीनों अंग अपनी - अपनी सैन्य -क्षमता की झाँकी प्रस्तुत करते हैं।

Rajshree
PAGE NO.:
DATE:

# पाठ 8
# गौरवशाली भारतीय सेना

## लिखित प्रश्नों के उत्तर

प्रश्न 1 हमारी सेना किन स्थितियों में देशवासियों को सुरक्षा प्रदान करती है?

उत्तर हमारी सेना देश पर आने वाले सभी खतरों से हमें बचाकर रखती है। बाढ़, सूखा, भूकंप, आंतरिक संकट आदि स्थितियों में सेना के जवान अपनी जान पर खेलकर देशवासियों को सुरक्षा प्रदान करते हैं।

प्रश्न 2 सेना में शामिल होने वाले नौजवानों को किस तरह का प्रशिक्षण दिया जाता है?

उत्तर सेना में शामिल होने वाले नौजवानों को कठोर प्रशिक्षण दिया जाता है। उन्हें शारीरिक प्रशिक्षण के साथ-साथ हथियार चलाने का प्रशिक्षण भी दिया जाता है। युद्ध की स्थितियों में उन्हें दुश्मनों से सामना करने के तरीकों का अभ्यास भी कराया जाता है।

प्रश्न 3 भारतीय थल सेना के पास कौन-कौन से हथियार हैं?

उत्तर भारतीय थल सेना के पास युद्धक टैंक, मशीनगन, असॉल्ट राइफल, तोप आदि सभी किस्म के आधुनिक हथियार होते हैं।

(P.T.O)

प्रश्न4 भारतीय सेना किन विषम स्थितियों में कार्य करती है?

उत्तर भारतीय सेना अत्यंत विषम स्थितियों में कार्य करने में सक्षम है। सियाचिन की दुर्गम चोटी हो या कारगिल, रेगिस्तान हो या समुद्र, जंगल हो या दलदल हर जगह तैयार रहती है।

प्रश्न5 भारतीय सेना को गौरवशाली क्यों कहा गया है?

उत्तर भारतीय सैनिक देश की सुरक्षा के लिए अपना बलिदान देने में भी संकोच नही करते। इनकी वीरता, साहस और बलिदान के कारण भारतीय सेना को गौरवशाली कहा गया है।